## संक्षिप्त समाचार



### संभल हिंसा में शामिल एक और गिरफ्तार, अब तक 84 आरोपियों को जेल भेज चुकी पुलिस

**संभल, 19 मई (एजेंसी)।** यूपी के संभल में सदर कोतवाली पुलिस ने हिंसा में शामिल एक और आरोपी को रविवार सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बीते वर्ष शाही जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुई हिंसा में शामिल था और भीड़ में शामिल होकर पुलिस टीम पर पथराव किया था। आरोपी के न्यायालय से वारंट जारी होने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बीते वर्ष शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान 24 नवंबर को हिंसा हुई थी। जिसमें पुलिस व प्रशासनिक अफसरों समेत 29 पुलिसकर्मी घायल हुए थे और चार युवकों की मौत हुई थी। पुलिस भीड़ का हिस्सा बनकर पथराव और फायरिंग करने के मामले में 84 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अन्य आरोपियों की फोटो और वीडियो के आधार पर पहचान कराकर उन्हें पकड़ने के प्रयास में पुलिस जुटी है। हिंसा मामले में वांछित आरोपी शेर मोहम्मद निवासी कोट गर्वी ने भी भीड़ का हिस्सा बनकर हिंसा के दौरान पुलिस टीम पर पथराव किया था। आरोपी के न्यायालय से वारंट भी जारी हो चुके हैं। रविवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी अमरीश कुमार ने बताया कि शेर मोहम्मद को उसके घर से गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### गुरुग्राम में सड़कों के किनारे कब्जा करने वालों की खैर नहीं




**गुरुग्राम, 19 मई (एजेंसी)।** गुरुग्राम में बड़े पैमाने पर सड़कों किनारे किए गए अतिक्रमण की शिकायतें मिलने पर प्रशासन ऐक्शन मोड में नजर आ रहा है। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) और गुरुग्राम नगर निगम (एमसीजी) ने इस मुद्दे को हल करने के लिए संयुक्त प्रयास किए हैं। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) और गुरुग्राम नगर निगम (एमसीजी) ने शहर में जहां भी अतिक्रमण है उसे जल्द से जल्द हटाने के निर्देश दिए हैं। डीटीपी जीएमडीए आरएस बाठ के नेतृत्व में नगर निगम और जीएमडीए दोनों की इनफोर्समेंट टीमों ने हाल ही में बादशाहपुर चौक पर दो अभियान चलाए थे, जो कि मुख्य रूप से अतिक्रमण वाला क्षेत्र था। 500 मीटर के क्षेत्र में लगभग 50 अवैध रेहड़ियां हटाई गईं और फुटपाथों को, जो पूरी तरह से दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किए गए थे, पैदल चलने वालों के लाभ के लिए साफ किया गया।

**पार्किंग क्षेत्र बढ़ाया:** इसके अतिरिक्त, पार्किंग क्षेत्र को भी बढ़ाया गया क्योंकि विक्रेताओं द्वारा अवैध रूप से जगह पर कब्जा कर लिया गया था। अभियान से पहले, दोनों टीमों द्वारा तीन निरीक्षण दौरे किए गए और सभी दोषियों को उनके अवैध ढांचे और अतिक्रमण को हटाने की चेतावनी जारी की गई।

### पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में यूपी का व्यापारी गिरफ्तार

**लखनऊ, 19 मई (एजेंसी)।** जासूसी के आरोप में गिरफ्तारी हुई हरियाणा की यूट्यूबर और ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा के बाद अब उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के लिए जासूसी करने के आरोप में रामपुर से एक व्यवसायी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान शहजाद के रूप में हुई है। उसे एसटीएफ की ओर से पाकिस्तान के लिए सीमा पार तस्करी और जासूसी गतिविधियों में शामिल होने की खुफिया जानकारी के आधार पर मुरादाबाद से गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों के अनुसार, शहजाद पाकिस्तान में अपने आकाओं को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील जानकारी दे रहा था। एसटीएफ ने एक बयान में कहा कि शहजाद हाल के वर्षों में व्यापार के बहाने कई बार पाकिस्तान गया था।

# नया कीर्तिमान, हिमाचल परिवहन विभाग ने एक साल में की 912 करोड़ की कमाई



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के परिवहन विभाग ने राजस्व अर्जन में नया रिकॉर्ड कायम करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 912 करोड़ रुपये की कमाई की है। यह आय पिछले वर्ष की तुलना में 132 करोड़ रुपये अधिक है। रविवार को प्रेसवार्ता में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मौजूदा वित्त वर्ष के अंत तक यह आंकड़ा 1000 करोड़ रुपये पार कर जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि बीते एक वर्ष में प्रदेश में 1.5 लाख नए वाहन पंजीकृत हुए हैं जिससे कुल पंजीकृत वाहनों की संख्या 23 लाख के पार पहुंच गई है। वहीं इस दौरान एक लाख नए ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए गए हैं और अब तक कुल 16 लाख लाइसेंस प्रदेश में एक्टिव हैं।

**फैंसी नंबरों की ई-नीलामी बनी बड़ी आय का स्रोत:** परिवहन विभाग की आय बढ़ाने में फैंसी नंबरों की ई-नीलामी ने अहम भूमिका निभाई है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि पहले ये नंबर सिफारिश के आधार पर जारी होते थे। लेकिन अब पारदर्शी व्यवस्था के तहत इनकी ऑनलाइन नीलामी की जा रही है। इस व्यवस्था से विभाग को बीते वर्ष 37 करोड़ रुपये की आय हुई है। कुछ विशेष नंबर 20 से 25 लाख रुपये तक में नीलाम हुए हैं।

**बाहर से आने वाली बसों पर स्पेशल टैक्स से हुई 17 करोड़ की आय:** उप मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र की नई परिवहन नीति के चलते बाहर से आने वाली बसों को रोकना अब चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऐसे में राज्य सरकार ने इन पर विशेष रोड टैक्स लगाया है। इससे अब तक 17 करोड़ रुपये की आय हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जिन वाहनों ने अब तक टैक्स नहीं चुकाया है वे अब उत्पाद शुल्क विभाग से एनओसी लेकर टैक्स अदा कर सकते हैं।

#### प्रदेश को मिले राष्ट्रीय अवॉर्ड, केंद्र से मिली 28.71 करोड़ की राशि

प्रदेश को परिवहन क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए लगातार दूसरे वर्ष केंद्र सरकार से पुरस्कार मिला है। पिछले वर्ष जहां 25 करोड़ की पुरस्कार राशि मिली थी वहीं इस वर्ष यह बढ़कर 28.71 करोड़ रुपये हो गई है।

#### 1000 नए वाहन उतरेंगे रूट पर, चार्जिंग स्टेशन और स्क्रैप सिस्टम की योजना

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन को और मजबूत करने की दिशा में परिवहन विभाग 1000 नए वाहनों को रूट पर उतारने की योजना पर काम कर रहा है। वर्तमान में 234 बसें, 350 सीट क्षमता वाली 181 बसें और 18 सीटर टेम्पो परिचालित हो रहे हैं। इसके अलावा 3000 निजी वाहन और 27 हजार परमिट भी जारी किए गए हैं। वहीं ई-वाहनों को बढ़ावा देने के लिए हिमाचल पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) के 65 होटलों में इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन लगाए जाएंगे। इस वर्ष कुल 88 नए चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की योजना है। साथ ही सोलन और नादौन में दो स्क्रैपेज पॉलिसी आधारित वाहन स्क्रैपिंग केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। इसके अलावा प्रदेश में सात नए ऑटोमैटिक वाहन परीक्षण केंद्र भी शुरू किए जाएंगे।

### हैदराबाद को दहलाने की कोशिश कर रहे थे आईएसआईएस के आतंकी, पकड़े गए रहमान और समीर



**हैदराबाद, 19 मई (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश पुलिस और तेलंगाना पुलिस ने एक संयुक्त अभियान के तहत हैदराबाद में धमाके की योजना बना रहे आतंकियों की साजिश को नाकाम कर दिया है। पुलिस कि संयुक्ति टीम ने दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि विजयनगरम के सिराज उर रहमान (29) को एक गुप्त सूचना के आधार पर हिरासत में लिया गया था। पुलिस ने बताया कि तलाशी के दौरान रहमान के परिसर से अमोनिया, सल्फर और एल्युमीनियम पाउडर सहित विस्फोटक जब्त किए गए। पुलिस ने बताया, 'जांच के दौरान रहमान द्वारा किये गए खुलासे के आधार पर हैदराबाद से एक अन्य व्यक्ति सैयद समीर (28) को हिरासत में लिया गया।' इन लिंक आईएसआईए के मॉड्यूल से बताया गया है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी हिरासत में हैं और उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा। उन्होंने जनता से सहयोग और सतर्कता बरतने का आग्रह किया। पहलगाम हमले के बाद देशभर में सुरक्षा एजेंसियां सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। एनआईए ने शुक्रवार को पंजाब के 15 ठिकानों पर छापेमारी की थी। पंजाब पुलिस गैंगस्टर हैप्पी से जुड़े ठिकानों की तलाशी ले रही थी। हैप्पी का लिंक पाकिस्तान में खालिस्तानी आतंकी हरविंदर सिंह उर्फ रिंडा से हैं। हैप्पी पर पंजाब में कई ग्रेनेड अटैक करवाने का भी आरोप है। एनआईए ने मुंबई में आईएसआईएस के स्लीपर मॉड्यूल के दो फरार सदस्यों को भी गिरफ्तार किया है।
एजेंसी ने बताया कि इनकी पहचान अब्दुल्ला फैयाज शेख उर्फ डायपरवाला और तल्हा खान के रूप में की गई है। ये दोनों ही जकार्ता से भारत लौट रहे थे तभी मुंबई एयरपोर्ट पर गिरफ्तार कर लिया गया। जम्मू-कश्मीर के शोपियां में सीआरपीएफ, एसओजी और सेना के जॉइंट ऑपरेशन में आतंकियों के दो मददगारों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से पिस्तौल, ग्रेनेड, 43 राउंड कारतूस और अन्य गोला बारूद जब्त किया गया है।

## मुंबई-गोवा हाईवे पर जगबुडी नदी में गिरी कार, 5 लोगों की मौत

**रत्नागिरी , 19 मई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मुंबई-गोवा हाईवे पर एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां एक कार जगबुडी नदी में गिर गई, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और ड्राइवर घायल हो गया है। बताया जा रहा है कि कार सवार सभी लोग मुंबई के मिरा रोड से रत्नागिरी के देवरुख में एक अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए जा रहे थे, तभी कार चालक का मुंबई-गोवा हाईवे पर जगबुडी नदी के पास नियंत्रण बिगड़ गया और गाड़ी अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरी। इस दुर्घटना में कार में सवार 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई और उन्होंने तुरंत पुलिस को मामले की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस



ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इससे पहले, 28 अप्रैल को महाराष्ट्र के भंडारा में एक सड़क हादसा सामने आया था, जहां चार लोगों की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। यह भीषण दुर्घटना मुंबई-कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित भंडारा शहर के निकट बेला गांव में हुई थी। एक बोलेरो गाड़ी रायपुर से नागपुर की ओर जा रही थी। जब गाड़ी बेला गांव के पास पहुंची, तभी नागपुर की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के समय गाड़ी में पांच लोग सवार थे, जिनमें से चार लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। बीते दिनों महाराष्ट्र में हादसों में कई दुर्घटनाएं सामने आई हैं। 18 अप्रैल को भी मुंबई के चेंबूर इलाके में बीएमसी का कचरा ट्रक ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर पलट गया था।

### अमेरिका में 142 वर्ष पुराने पुल से टकराया मेक्सिको का जहाज, हादसे में दो लोगों की मौत



**न्यूयॉर्क , 19 मई (एजेंसी)।** मेक्सिकन नौसेना का प्रशिक्षण पोत कुआउटेमोक ईस्ट रिवर के किनारे 142 वर्ष पुराने ब्रुकलिन ब्रिज से टकरा गया। दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए। 297 फीट लंबा जहाज कुआउटेमोक 277 व्यक्तियों को लेकर जा रहा था। इनमें से कई नौसेना के कैडेट थे। न्यूयार्क की सद्भावना यात्रा के हिस्से के रूप में जहाज को रोशनी और झंडों से सजाया गया था। मेयर एरिक एडम्स ने इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य की हालत गंभीर है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना से पहले जहाज की बिजली चली गई थी।

**न्यूयॉर्क बंदरगाह से जहाज को होना था रवाना:** शनिवार रात को इसे न्यूयार्क बंदरगाह से रवाना होना था तथा आइसलैंड की ओर जाने से पहले ईंधन भरने के लिए ब्रुकलिन तट पर रुकना था। आपातकालीन प्रबंधन कार्यालय के प्रवक्ता ने कहा कि लगभग 8.30 बजे जहाज गलत दिशा में भटक गया। जहाज को कभी भी ब्रुकलिन ब्रिज के नीचे से नहीं गुजरना था। इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में जहाज के पास एक टगबोट को देखा जा सकता है, जो दुर्घटना होने से पहले पीछे की ओर बढ़ रहा था। इंटरनेट मीडिया पर साझा किए गए वीडियो और घटनास्थल की तस्वीरों के अनुसार ब्रुकलिन ब्रिज पार्क में रुकने पर जहाज लड़खड़ा गया, लेकिन सीधा खड़ा रहा। इसके मस्तूल बुरी तरह क्षतिग्रस्त दिखाई दिए।

**लोकप्रिय पर्यटक आकर्षण है पुल:** ब्रुकलिन ब्रिज का मुख्य हिस्सा लगभग 1,600 फीट लंबा है। हर दिन लगभग एक लाख से अधिक वाहन और 32,000 पैदल यात्री पुल से गुजरते हैं। यह पुल एक लोकप्रिय पर्यटक आकर्षण और मैनहट्टन और ब्रुकलिन के बीच मुख्य मार्ग है। इसका निर्माण 1883 में पूरा हुआ था।

यह कभी दुनिया का सबसे बड़ा सस्पेंशन ब्रिज था। पुल को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद चीन में पहला खुफिया मंथन! ड्रैगन के दरबार में होंगे पाक और तालिबान

**बीजिंग, 19 मई (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की सैन्य कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तान ने अब चीन का रुख किया है। पाकिस्तान के डिप्टी प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार तीन दिवसीय दौरे पर सोमवार को बीजिंग पहुंच रहे हैं। दिलचस्प बात ये है कि इस दौरे में पाकिस्तान के अफगानिस्तान मामलों के विशेष प्रतिनिधि मोहम्मद सादिक भी उनके साथ हैं, जबकि 20 मई को चीन में तालिबान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी के भी पहुंचने की खबर है।

भारतीय खुफिया एजेंसियां इस दौरे को भारत-पाक हालिया संघर्ष और ऑपरेशन सिंदूर के बाद की रणनीतिक बैठक के तौर पर देख रही हैं। इस बैठक में चीन, पाकिस्तान और तालिबान के विदेश मंत्रियों के बीच दक्षिण एशिया की बदलती सुरक्षा स्थिति और आगे की रणनीति पर चर्चा होनी है। सूत्रों के अनुसार, यह एक त्रिपक्षीय बैठक होगी जिसमें सीमा पार आतंकवाद, सुरक्षा सहयोग और आर्थिक गतिविधियों के



बहाने रणनीतिक समीकरण साधे जा सकते हैं।

**भारत-पाक संघर्ष और ऑपरेशन सिंदूर:** यह पूरी कूटनीतिक कवायद ऐसे वक्त हो रही है जब 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया था। इस सैन्य कार्रवाई में पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें 100 से अधिक आतंकी मारे गए। इनमें जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों के आतंकी, ट्रेनिंग सेंटर और ठिकाने शामिल थे।

पाकिस्तान ने इसके जवाब में एलओसी पर गोलीबारी और ड्रोन हमलों की कोशिश की, जिसके बाद भारत ने जवाबी हमला करते हुए पाकिस्तानी रडार, संचार केंद्रों और एयरबेस को क्षति पहुंचाई। 10 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम पर सहमति बनी।

**बैठक का एजेंडा:** बीजिंग में होने वाली इस बैठक में भारत-पाक संघर्ष की पृष्ठभूमि में क्षेत्रीय शांति और स्थिरता पर चर्चा हो सकती है। सुरक्षा सहयोग और व्यापारिक साझेदारी को लेकर त्रिपक्षीय विचार-विमर्श किया जा सकता है। पाकिस्तान और तालिबान के साथ मिलकर चीन सुरक्षा समीकरणों को साधने की कोशिश कर सकता है। उधर, भारत ने इस बैठक पर अब तक कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां इस घटनाक्रम पर कड़ी नजर रख रही हैं। जानकार मानते हैं कि चीन, पाकिस्तान और तालिबान का यह गठजोड़ आने वाले दिनों में कूटनीतिक और सुरक्षा

### अमेरिकी विदेश मंत्री ने की 11वें पंचेन लामा की रिहाई की मांग

**वाशिंगटन, 19 मई (एजेंसी)।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने रविवार को 11वें पंचेन लामा की रिहाई की मांग की। पंचेन लामा, जिनका असली नाम गेधुन चोइकी नईमा है, उन्हें चीन की सरकार द्वारा उस वक्त अगवा कर लिया गया था, जब वे महज छह साल के थे। 17 मई 1995 को जब दलाई लामा ने छह साल के गेधुन चोइकी नईमा को 11वां पंचेन लामा घोषित किया तो उसके तीन दिन बाद ही चीन की सरकार ने पंचेन लामा और उनके परिवार को अगवा कर लिया और नए पंचेन लामा के नाम का एलान कर दिया। चीन की इस कोशिश को तिब्बत के लोगों पर आध्यात्मिक रूप से भी नियंत्रण करने के तौर पर देखा गया। करीब 30 साल बीत जाने के बाद भी अब तक 11वें पंचेन लामा और उनके माता-पिता का कुछ पता नहीं चल सका है।

# दशकों तक लड़ेंगे, ना हम फिलिस्तीन हैं और ना भारत इजरायल जैसा, पाक की गीदड़भभकी

**इस्लामाबाद, 19 मई (एजेंसी)।** पाकिस्तान की मांग के बाद भारत ने सीजफायर स्वीकार किया है। फिलहाल दोनों तरफ से सीमा पर शांति है, लेकिन अब भी पाकिस्तान ऑपरेशन सिंदूर की मार से बौखलाया हुआ है। यही वजह है कि अब वह दशकों तक भारत के खिलाफ लड़ते रहने की बात कर रहा है। पाकिस्तानी सेना की प्रचार यूनिट आईएसपीआर के डीजी लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने फिलिस्तीन और इजरायल का जिक्र करते हुए भारत को गीदड़भभकी दी है। उन्होंने कहा, सच यह है कि भारत अमेरिका नहीं है और पाकिस्तान



अफगानिस्तान नहीं है। इसी तरह भारत इजरायल भी नहीं है और पाकिस्तान फिलिस्तीन भी नहीं है। अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि हम भारत की वर्चस्व की जंग के आगे नहीं झुकेंगे। इस बात को भारत जितनी जल्दी समझेगा, उतनी ही जल्दी क्षेत्र में शांति स्थापित हो जाएगी।

इस तरह पाकिस्तानी सेना ने फिर से गीदड़भभकी देने की कोशिश की है। जानकार मानते हैं कि पाकिस्तानी सेना आक्रामक रुख इसलिए भी दिखा रही है ताकि ऑपरेशन सिंदूर में पड़ी मार के बाद पाकिस्तान की जनता को साधा जा सके। खासतौर पर उसकी यह कोशिश है कि पाकिस्तान के लोगों में यह संदेश न जाए कि ऑपरेशन सिंदूर के आगे उनका देश कमजोर पड़ गया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया था और मुरीदके और बहावलपुर समेत कुल 9 बड़े आतंकी ठिकानों को टारगेट किया था। इस हमले में करीब 100 आतंकवादी मारे गए थे। इस अटैक के बाद पाकिस्तान ने भारत पर हमलों के कई प्रयास किए, लेकिन सभी मिसाइलों और ड्रोन्स को आसमान में ही ढेर कर दिया गया। वहीं भारत की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान को कई जगहों पर नुकसान पहुंचा।

यह जंग सीजफायर पर सहमति के बाद रुकी और अमेरिका ने तब दावा किया था कि उसने ही ऐसा कराया है। हालांकि भारत के ऐतराज के बाद डोनाल्ड ट्रंप भी पलट गए। पिछले दिनों सऊदी अरब के दौरे पर उन्होंने कहा था कि मैंने युद्धविराम नहीं कराया बल्कि इसमें मदद का प्रयास किया था। बता दें कि भारत ने सीजफायर के साथ ही यह भी ऐलान कर रखा है कि अब होने वाले किसी भी आतंकी हमले को युद्ध की हरकत माना जाएगा और उसका करारा जवाब मिलेगा। भारत का कहना है कि किसी भी आतंकी हमले की स्थिति में हम न्यूक्लियर ब्लैकमेल को स्वीकार नहीं करेंगे और